मुख्यमंत्री ने मेट्रो लाइन-३ के कोचों का अनावरण किया

मुंबई, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को मुंबई की मेट्रो लाइन-३ के कोचों का अनावरण कर दिया। यह अंडग्राउंड लाइन मुंबई के दिल कहे जाने वाले कोलाबा, बांद्रा और स्पीज को कनेक्ट करेगी। इस लाइन को एक्वा लाइन नाम दिया जाएगा। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कोच का अनावरण मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के एमडी अश्विनी भिंडे की मौजूदगी में किया। मुंबई मेट्रो की तरफ से दी गई जानकारी में बताया गया कि इस लाइन का नाम एक्वा लाइन होगा। विभाग की तरफ से यह भी बताया कि

गया 8 कोच वाली 31 ट्रेन को अलस्टोम इंडिया और अलस्टोम एसए तैयार कर रहीं हैं। इन सभी कोच को आंध्र प्रदेश की श्री सिटी में मेक इन इंडिया के तहत तैयार किया जा रहा है। यह पूरी तरह ड्राइवर लेस ट्रेन होगी। इसके अलावा कोच फुल एसी होंगे। साथ ही कोच के अंदर एलसीडी स्क्रीन, डिजीटल मैप इंडीकेटर, अग्नि शमन यंत्र, स्मोक डिटेक्टर, इमरजेंसी के लिए वायस कम्युनिकेटर और पीएम सिस्टम भी होगा। इसके अलावा शारीरिक रूप से दिव्यांग व्यक्ति के लिए डेडीकेटिड व्हीलचेयर एरिया होगा।